

## मेष

01 से 06 दिसम्बर तक-विद्यार्थियों के लिये बहुत अच्छा समय है। कार्यों में मनचाही सफलता की प्राप्ति होगी। कहीं-न-कहीं से लाभ प्राप्त होगा। व्यापारिक आदान-प्रदान बढ़ेंगे। सभी कार्य मन की इच्छा के अनुसार होते देखकर चित्त प्रसन्न रहेगा। मित्रों की मदद से उलझा कार्य सुलझा लेंगे, समय ईश्वर भक्ति, आराधना का रहेगा। पीड़ित व असहाय लोगों की मदद करने का गुण आप में विद्यमान है।

07 से 13 दिसम्बर तक-आपकी प्रवृत्ति निर्भय, स्वतंत्र तथा प्रेरक रहेगी। आपका आत्मविश्वास, दृढ़ रहेगा। आप किसी भी तरह की आलोचना या विरोध के कारण गुस्से में आयेंगे और ये गुस्सा जायज रहेगा। फिर भी आप अपने गुस्से पर नियंत्रण बनाये रखे अन्यथा आप किसी परेशानी में फंस सकते है।

14 से 20 दिसम्बर तक- स्वास्थ्य की दृष्टि से आपको अपना तथा परिवार का ध्यान रखना होगा। आप अपने जीवनसाथी से अच्छा व्यवहार करें। आपके भोलेपन का गलत फायदा उठाया जायेगा, अतः सावधान रहें व समय प्रतिकूल रहेगा। स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव रहेगा। आपके जीवन में आ रही विषम परिस्थितियों के निवारण के लिये आप विजयश्री शनिदोष निवारण दीक्षा ग्रहण करें जिससे परिस्थितियां आपके अनुकूल बनेगी। दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

21 से 31 दिसम्बर तक-आप इस समय योग, व्यायाम आदि में रूचि लेंगे तथा सेहत में सुधार होगा व मन प्रसन्न रहेगा। बच्चों के साथ घूमने-फिरने का कार्यक्रम बनेगा। जोखिम भरे कार्य न करे। शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। असहायों की सहायता अवश्य करे, उनका आशीर्वाद आपको उन्नति दिलायेगा।

शुभ तिथियां 01, 03, 07, 24



## वृषभ

01 से 06 दिसम्बर तक-इस समय आप घर, ऑफिस, समाज के व्यक्तियों से अच्छे व्यवहार के कारण चर्चित रहोगे। कोई ऐसी बात हो सकती है जिससे आपका मूड बदल सकता है। स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। इस समय कैरियर व व्यापार की दृष्टि से कोई बड़ा लाभ नहीं होगा।

07 से 13 दिसम्बर तक- प्रतियोगी परीक्षा या मुकदमें में आपको सफलता प्राप्त हो सकती है। प्रणय व प्रेम-प्रसंगों के भी योग हैं, लेकिन अपने अध्ययन या कैरियर के साथ कोई समझौता नहीं करें। घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी संभव है। इस समय काम का दबाव कुछ ज्यादा ही रहेगा। धन हानि के योग बन रहे है।

14 से 20 दिसम्बर तक- प्रतिद्वन्द्विता व प्रतिस्पर्द्धा के कारण नित नई चर्चाओं से घिरे रहेंगे। व्यापारिक अनुबन्धन सोच-समझकर करें। भागीदारी के काम में लाभ तो है परन्तु आपको भागीदारी में विश्वासघात हो सकता है इसलिये सर्तक और सावधान रहें। इस समय आप निवेश भी कर सकते है जो आगे चलकर आपको लाभ की प्राप्ति हो सकती है। आप नूतन वर्ष श्रीसिद्धि चेतना प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें। जिससे आपके अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण होगा।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

21 से 31 दिसम्बर तक- भावनाओं से ज्यादा इस समय आपका दृष्टिकोण व्यावहारिक रहेगा। आप नया निवेश कर सकते हैं। आने वाले वर्ष के लिये लक्ष्य व योजनायें तैयार करेंगे। आर्थिक रूप से यह समय मिश्रित फल देगा। धन प्राप्ति के योग हैं। रचनात्मक कार्यों की आपकी प्रवृत्ति रहेगी। कड़ी मेहनत से आप अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

शुभ तिथियां 03, 05, 22, 27



## मिथुन


01 से 06 दिसम्बर तक- निजी सम्बन्ध, पारिवारिक रिश्ते आपके लिये ज्यादा मुख्य होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेगी। मनोबल इस समय आप में गजब का रहेगा। नेटवर्किंग व सेल्स में कार्यरत लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। ऐसी कोई बात उजागर होने का खतरा है, जिसे आप छुपाना चाहते थे। लोक कल्याण एवं परोपकार की भावना आपके अन्दर रहेगी।

07 से 13 दिसम्बर तक- नये-नये लोगों से आपका सम्पर्क बनेगा। दो नम्बर के कार्यों से दूर रहें। नौकर-चाकर, वाहनादि सभी प्रकार के भौतिक ऐश्वर्यों व सुख-संसाधनों में कमी होगी। युवा वर्ग में भविष्य के प्रति अपार संभावनायें रहेंगी। धनहानि के योग हैं। आप मुसीबत या संकट में फंस सकते हैं। आपके जीवन में आ रही विषम परिस्थितियों के निवारण के लिये आप प्राण ज्योति सूर्य तेजस्विता दीक्षा ग्रहण करें। दीक्षा न्यौ. ₹ 1800/-

14 से 20 दिसम्बर तक- आप मौज-मस्ती व आनंद के मूड में रहेंगे। व्यावसायिक उपलब्धियाँ तो कोई खास हासिल नहीं होंगी, हालांकि घर-परिवार को आप पूरा समय देंगे। वाणी व क्रोध पर नियंत्रण रखें अन्यथा आप किसी मुसीबत में पड़ सकते हैं। हाथ में आता-आता रूपया रूक जायेगा।

21 से 31 दिसम्बर तक- बुजुर्गों का स्नेह व आशीष आपको आगे बढ़ने में प्रेरणा देगा। लक्ष्य को निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ेंगे। नौकरी में नियुक्ति या तबादले सम्बन्धी दस्तावेज प्राप्त होंगे। विनम्रता, मित्रवत व्यवहार और आकर्षक व्यक्तित्व के कारण आपके सम्बन्ध लोगों से बेहतर बनेंगे।

शुभ तिथियां 01,18,20,25



## कर्क

**01 से 06 दिसम्बर तक**-आप अपनी योजना व गतिविधियों के बारे में किसी विशेषज्ञ से परामर्श लेंगे। व्यक्तिगत लाभ के कार्यों में अहंकार न करे। वैसे आप थोड़े स्वार्थपरक जातक हैं, अतः आप पहले अपना लाभ ही देखेंगे। असहायों व दिव्यांगों की सहायता करे। मानवमात्र से प्रेम पूर्वक व्यवहार करेंगे। उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**07 से 13 दिसम्बर तक**- आपके जीवन में भौतिक और भावनात्मक रूप से भारी बदलाव आ सकता है। भावनात्मक रूप से आप अपनी जरूरतों को प्राथमिकता देंगे। घर व जीवन में सुधार के लिये हर चीज सोच-समझकर करेंगे। कुछ अच्छे की प्राप्ति के लिये आप कठिन परिश्रम करेंगे।

**14 से 20 दिसम्बर तक**- काम में स्थायित्व आयेगा। किसी उत्सव या घरेलू पार्टी में समय निकालेंगे। काम पर ध्यान देने के साथ-साथ आर्थिक मामलों में आप कुछ महत्त्वपूर्ण फैसले लेंगे। आप निजी तौर पर आत्म-सुधार की कोशिश में लगे रहेंगे। आपके काम-काज, छवि और रवैये में आत्मविश्वास की झलक मिलेगी। बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते रहे।

**21 से 31 दिसम्बर तक**- विरोधी हावी होंगे। संतान नहीं होने के कारण आपको समाज व पड़ौस के व्यवहार कारण चिंतत रहेंगे। आपकी भावनाओं को कोई चोट पहुँचायेगा। आप हर समय दुःखी, परेशानी रहेंगे। आप संतान प्राप्ति हेतु मनोवांछित गर्भ निर्माण दीक्षा प्राप्त कर सुसंस्कारित संतान की प्राप्ति कर सकेंगे व अपने पारिवारिक जीवन में सुख समद्धि से युक्त हो सकेंगे।

दीक्षा न्यौ. ₹2100/-

शुभ तिथियां 16,21,23,27



## सिंह

**01 से 06 दिसम्बर तक**- आप नया निवेश कर सकते है, जो कि आगे चलकर जबरदस्त लाभ देगा। खुद पर नियंत्रण रख कर आप बेहतर परिणाम प्राप्त कर लेंगे। समय व्यर्थ के कार्यों में व्यतीत होगा। कलह, वाद-विवाद से दूर रहने में ही लाभ है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**07 से 13 दिसम्बर तक**- घर-परिवार में आप समय व्यतीत करेंगे। इस समय धन संबंधि मसले, किराया तथा अन्य स्त्रोतें से आपकी आय में बढ़ोतरी होगी। आप अधिकतम व्यस्त रहेंगे। आपका ध्यान अपने लक्ष्य की ओर रहेगा। अशुभ समाचारों की प्राप्ति हो सकती है। आपका अपना ही कोई विश्वासघात कर सकता है। आप अपने जीवन में आ रही विषम बाधाओं व प्रतिकूल परिस्थितियों के निवारण के लिये विजयश्री शनिदोष निवारण दीक्षा आत्मसात् करें जिससे आपकी समस्याओं का अंत व मनोनूकूल लाभ प्राप्त होगा। दीक्षा न्यौ. ₹1800/-

**14 से 20 दिसम्बर तक**-व्यापारिक कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यवसायिक यात्रा सफल होगी। अचानक लाभ की स्थिति बनेगी। आपके साथ कोई सुखद घटना घटित होगी, जो कि अविस्मरणीय साबित होगी। बहुत ही शांति का अनुभव करेंगे। मानसिक तनाव खत्म होंगे। इस समय लम्बे समय से चल रहे पुराने विवाद, रोग आदि समाप्त होंगे। इस कारण आप खुश रहेंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक**- राजकीय कार्य बाधायें आ सकती है। बैंक या पेंशन से संबंधित कार्यों में भी अवरोध आ सकते है। नई मुलाकातें सार्थक रहेंगी। चारों ओर से लाभ की प्राप्ति होगी। गृहस्थ सुख में वृद्धि होगी तथा परिवार में प्रेम सद्भाव बना रहेगा।

शुभ तिथियां 14,19,23,25



## कन्या

**01 से 06 दिसम्बर तक**- वाहन, मशीन आदि का प्रयोग सावधानी से करें। समय हंसी-खुशी, मनोरंजन और प्रेम से भरपूर होगा। घर व धन के मामले में समय सुखद है। आप खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई नवीन कार्य उचित समय को ध्यान में रखकर करें अन्यथा आपको लाभ की जगह हानि हो सकती है।

**07 से 13 दिसम्बर तक**- नये-नये विवाद उत्पन्न हो सकते है। आप जो भी करेंगे, उसके उल्टे परिणाम प्राप्त होंगे। आस-पास के लोगों से लड़ाई-झगड़ा संभव है। नशे से दूर रहें। लम्बित विवाद या समस्यायें आपकी परेशानी का कारण होंगी। आप चाहकर भी अपनी समस्याओं का निवारण नहीं कर पायेंगे। इस कारण आप चिंतत व अवसाद में रहेंगे। आप अपने जीवन में आ रही विषम स्थितियों के निवारण के लिये नूतन वर्ष श्रीसिद्धि चेतना दीक्षा ग्रहण करें जिससे आपकी समस्याओं का निवारण होकर व्यापार व पारिवारिक जीवन में सुख समद्धि होगी।

दीक्षा न्यौ. ₹1800/-

**14 से 20 दिसम्बर तक**-जहाँ से आपको बिलकुल आशा नहीं थी, वहाँ से भी धन प्राप्त होगा। आप नई जिम्मेदारियाँ संभालेंगे। घर में मेहमानों की आवाजाही रहेगी। मन शांत रहेगा। समय में सुधार आयेगा। आप बुद्धि चातुर्य से अपना कार्य बना लेंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक**- अपने आत्मविश्वास व क्षमता के सहारे दूसरों को पीछे छोड़ने में सफल रहेंगे। सामाजिक मुद्दों तथा कल्याणकारी कार्यों को पूरी सहानुभूति से अंजाम देंगे। गृहणियाँ अपने कौशल को दिखाने में सफल रहेंगी।

शुभ तिथियां 15,20,24,26

## तुला



0 1 से 0 6 दिसम्बर तक- आपकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ हो सकता हैं किसी की अनजाने में कही बातें आपको आहत कर सकती हैं। त्वचा से संबंधित कोई रोग उभर सकता है। इस माह अतिथियों का आवागमन लगा रहेगा जिससे आप अधिक व्यस्त रहेंगे तथा आप प्रसन्नचित रहेंगे।

07 से 13 दिसम्बर तक-कार्यस्थल पर मन नहीं लगेगा। काम की गति धीरे ही रहेगी। दोस्तों के साथ आपकी काफी ऊर्जा व धन खर्च हो सकता है, जिससे आपका काफी नुकसान हो सकता है। आपको उपहार की प्राप्ति हो सकती है। आप अपना लक्ष्य तय करके आगे बढ़ने का प्रयास करें।

14 से 20 दिसम्बर तक-आप ईश्वर आराधना व तंत्र-मंत्र, टोटके आदि में रूचि रखेंगे। आप दूसरों की सहायता भी करेंगे। आपके साथ विश्वासघात हो सकता है। कोई आप पर पीठ पीछे वार कर सकता है। विद्यार्थी वर्ग परिश्रम व मेहनत तो खूब करेंगे, परंतु उतने सकारात्मक परिणाम आपको मिल नहीं पायेंगे। निराशा को मन में न आने दे। आप अपने जीवन में सुख समद्धि व अनुकूल परिस्थितियों की प्राप्ति हेतु मानस चेतना ओजशक्ति प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें।

दीक्षा न्यौ. ₹ 1800/-

21 से 31 दिसम्बर तक- प्रगति के लिये आपको अपनी कार्यशैली में सुधार करना अति आवश्यक होगा। आपके मन में काम को लेकर संतुष्टि का भाव रहेगा। आप काम में लोकप्रियता हासिल करेंगे। आप बाहरी सज्जा के साथ-साथ आंतरिक सजावट पर बल देंगे। किसी भी प्रकार की बुरी आदत नशा आदि छोड़ना आपके लिये हितकर रहेगा।

शुभ तिथियां 06,10,14,15

## वृश्चिक



01 से 06 दिसम्बर तक- शत्रु व विरोधी हावी होंगे। सरकारी क्षेत्र में आपके काम लम्बित रह जायेंगे। पति-पत्नी के बीच मधुरता बढ़ेगी। संतान पक्ष को लेकर चिंता की स्थिति रहेगी। विद्याध्यन में बाधायें आयेंगी। उच्चधिकारियों से संबंध मधुर बनेंगे। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा नहीं करें।

07 से 13 दिसम्बर तक- किसी परिचित से कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आप तनावमय रह सकते है। आपको विश्वासघात का भी भय रहेगा। इस समय कोई व्यक्ति आपकी भावनाओं से खिलवाड़ कर सकता है। रूके हुये काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से पूरे हो जायेंगे।

14 से 20 दिसम्बर तक- आपके हाथ से कोई गलती जाने-अनजाने रूप में हो जायेगी। जिससे आपको आर्थिक हानि हो सकती है, उतावलेपन में कई निर्णय आपसे गलत हो सकते हैं। प्रेम-प्रसंगों में सफलता मिलेगी। पार्टनर से सम्बन्ध सुधरेंगे, मिलकर काम करने में मजा आयेगा। कारोबारी हालात पहले से बेहतर होंगे।

21 से 31 दिसम्बर तक- आप दैनिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। किसी पुराने मित्र से अचानक मुलाकात कर आप प्रसन्न हो उठेंगे। परिवार में अशांति व कलह का वातावरण रहेगा। आर्थिक मामलों में किसी पर भी भरोसा नहीं करें अन्यथा आपको मान हानि हो सकती है। सरकारी अधिकारियों से कहासुनी हो जायेगी। ग्रह स्थितियों में बदलाव होगा। कुछ ठोस व रचनात्मक कार्यों को करने की आपकी प्रवृत्ति बनेगी। आप प्राण ज्योति सूर्य तेजस्विता दीक्षा आत्मसात् करें।

दीक्षा न्यौ. ₹ 1800/-

शुभ तिथियां 08,12,16,17

## धनु



01 से 06 दिसम्बर तक-आप अपनी महत्त्वकांक्षायें और सारी इच्छाओं की पूर्ति करेंगे। परिवार, पड़ोस के मामले महत्त्वपूर्ण रहेंगे। मुख्य योजनाओं को आप सफलता से पूरा करेंगे। आप इस समय एकान्त में बैठकर स्वयं का विश्लेषण करेंगे। अपनी कार्य कुशलता का परिचय देंगे। आपको सन्तोष भी प्राप्त होगा। यह सन्तोष काम से नहीं, बल्कि काम को खुशी से करने के कारण प्राप्त होगा।

07 से 13 दिसम्बर तक- जो भी कार्य आपके हाथ में होंगे, उसमें कुछ सफल होंगे और पूरा किये बिना आपको चैन नहीं मिलेगा। आप उच्च शिक्षा और तकनीक पर ध्यान देंगे। पैतृक सम्पति का बंटवारा हो सकता है। आप पूर्ण रूप से संतुष्ट रहेंगे। किसी भी समस्या का समाधान आसानी से कर लेंगे।

14 से 20 दिसम्बर तक- यात्राओं पर जोर रहेगा। जितना अधिक भ्रमण होगा, उतना ही अधिक लाभ प्राप्त होगा। किसी नये कार्य की रूपरेखा बनायेंगे, उस कार्य को पूर्णता देने के लिये आप पुरजोर कोशिश करेंगे। महत्त्वाकांक्षाओं की पूर्ति में आई रूकावटें व अवरोध धीमे-धीमे समाप्त होंगे।

21 से 31 दिसम्बर तक- घर-परिवार में कलह व तनाव का वातावरण रहेगा। व्यापार व काम-काज को पटरी पर लाने के लिये आप भरसक प्रयास करेंगे, परंतु उसमें आपको वांछित सफलता मिल नहीं पायेगी। आर्थिक बजट गड़बड़ायेगा। आप अपने जीवन में आ रही विषम परिस्थितियों के निवारण के लिये विजयश्री शनिदोष निवारण दीक्षा ग्रहण करें। दीक्षा न्यौ. ₹ 1800/-

शुभ तिथियां 10,14,18,20



## मकर

**01 से 06 दिसम्बर तक-** आर्थिक क्षेत्र में खास उपलब्धि नहीं मिलेगी, मेहनत व परिश्रम से आय व आजीविका के स्त्रोत में इजाफा करेंगे। परिवार के लोगों से मतभेद समाप्त होगा। आप अपने कार्य में सुधार लायेंगे, वहीं नौकरी में अपना कार्य पूर्ण कर लेंगे। नई नौकरी करने के इच्छुक जातकों को सफलता की प्राप्ति होगी। आप बैंकिंग कार्यों में उलझे रहेंगे कार्य पूर्ण नहीं होने से झुंझलाहट रहेगी।

**07 से 13 दिसम्बर तक-** आपकी लोकप्रियता में कमी आयेगी। आर्थिक मामलों में किसी पर भी भरोसा न करें। किसी रिश्तेदार से सम्बन्धित कोई अशुभ समाचार प्राप्त होगा। शोध व शिक्षा जैसे कार्यों में आपको सफलता प्राप्त होगी। निजी संबंध, पारिवारिक रिश्तों पर आप अधिक ध्यान देंगे।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** आर्थिक पक्ष दृढ़ रहेगा। आपका व्यक्तित्व निखरेगा। आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। पहले किया गया निवेश अब आपको लाभ दे सकता है। आप समाज में अधिक लोक प्रिय बनेंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** जीवन में महत्त्वपूर्ण आदर्श अपनायेंगें किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी भेंट होगी। घर में किसी नवीन वस्तु की खरीददारी सम्भव है। किसी के बहकावे में आकर कोई काम नहीं करें। इस समय आप कोई नया कार्य करेंगे। धन हानि के योग बने हुये हैं। कार्यक्षेत्र में बॉस की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। आपसे कोई चूक हो सकती है जिस कारण आपको आर्थिक व मानसिक नुकसान हो सकता है। आप अपने जीवन में आ रही प्रतिकूल परिस्थितियों के निवारण के लिये नूतन वर्ष श्रीसिद्धि चेतना प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करे। दीक्षा न्यौ. ₹1800/-

शुभ तिथियां 03, 09, 13, 30



## कुंभ

**01 से 06 दिसम्बर तक-** आप ध्यान के लिये कुछ समय अवश्य दें। यदि कहीं दुःख अथवा पीड़ा का आभास हो तो आप यह जान लें कि आप प्रकृति के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे है। आप अपने सपनों को पूरा करने के लिये पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से कोशिश करेंगे। आपके जीवन में आ रही विषम परिस्थितियों के निवारण के लिये विजयश्री शनिदोष निवारण दीक्षा ग्रहण करें।

दीक्षा न्यौ. ₹1800/-

**07 से 13 दिसम्बर तक-** विद्यार्थी कुछ नया सीखने की चाह रखेंगे। आप वित्तीय प्रबन्धन व बजट में महारथ हासिल करेंगे। अपनी काबिलीयत व क्षमताओं का आप भरपूर इस्तेमाल करेंगे। समय बहुत ही शानदार व्यतीत होगा। सारे प्रयत्न सफल होंगे। घर, परिवार, समाज, मित्र सभी के द्वारा आप सराहे जायेंगे। आप अपने अंदर कुछ खास परिवर्तन अनुभव करेंगे। आप अपना अधिक समय परिवार के साथ बितायेंगे।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** व्यापार में अधिक विस्तार की योजना बनायेंगे। नौकरी पेशा व्यक्ति को भी अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। सम्पत्ति का बंटवारा आपसी सहमति व बातचीत से सुलझ जायेगा। हालांकि भाइयों के मध्य ज्यादा मधुर संबंध नहीं रहेंगे। आप अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें अन्यथा विवाद बढ़ सकता है।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** सफलता की दौड़ में आप अंधे हो जायेंगे सरकारी कार्य गति पकड़ेंगे। पेंशन, बीमा-संबंधी दस्तावेज आप पूरे करेंगे। इस समय आप बीते वर्ष को याद कर रोमांचित हो जाओगे। अचानक लाभ की प्राप्ति होगी। कहीं से धन लाभ, बोनस, उपहार आदि मिलेंगे। आर्थिक पक्ष सुदृढ़ होगा।

शुभ तिथियां 01, 06, 10, 28



## मीन

**01 से 06 दिसम्बर तक-** घर में मांगलिक कार्यक्रमों में व्यस्त रह सकते हैं। यह समय पूर्णतया आपके पक्ष में रहेगा। प्रियजन, माता-पिता और बच्चे आपके और निकट आयेंगे। आप पहले से स्वयं को बेहतर स्थिति में पायेंगे। आप जीवन शैली में सुधार करेंगे। आपको कार्य में विलम्ब और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके निवारण के लिये आप मानस चेतना ओजशक्ति प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें।

दीक्षा न्यौ. ₹1800/-

**07 से 13 दिसम्बर तक-** युवा वर्ग को कैरियर से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है विवेक से निर्णय लें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। पति-पत्नी के सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। सामाजिक व पारिवारिक क्षेत्र में आपका दबदबा व रूतबा रहेगा। ग्रह स्थितियां आपको नवीन अनुसंधान करने को प्रेरित करेंगी।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** वित्त सम्बन्धी कार्यों में बुद्धि और विवेक से फैसला ले। सरकारी कर्मचारियों को लाभ प्राप्त होगा। विद्यार्थी खेलकूद प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकते हैं। आपका उत्साह बना रहेगा। आप अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों की पूर्ति के लिये मूल्यों की परवाह भी नहीं करेंगे। व्यापारी वर्ग को हानि होने की संभावना है अतः सोच समझकर निर्णय लें।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** पैतृक सम्पत्ति का बंटवारा हो सकता है। आप पूर्ण रूप से संतुष्ट रहेंगे। संतान की तरफ से खुशियाँ प्राप्त होंगी। किसी भी समस्या का समाधान आसानी से कर लेंगे। अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यात्रा लाभकारी रहेगी।

शुभ तिथियां 04, 08, 26, 31